परीक्षा विभाग, शासकीय होलकर (आदर्श, स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर

क्रमांक/ 5851 /परीक्षा/2026 दिनांक : 06.03.2026

आवश्यक सूचना

बी.एस-सी. प्रथमवर्ष वार्षिक मुख्य परीक्षा (Pharmaceutical Manufacturing and Quality / Health Care Management) AEDP Course 2025-26 एवं बी.एस-सी./बीसीए द्वितीय सेमेस्टर (एटीकेटी/भूतपूर्व), एम.एस-सी. द्वितीय सेमेस्टर (एटीकेटी/भूतपूर्व), पीजीडीसीए द्वितीय सेमेस्टर (एटीकेटी/भूतपूर्व), पीजी डिप्लोमा इन योगा द्वितीय सेमेस्टर (एटीकेटी/भूतपूर्व) विद्यार्थी परीक्षा मार्च-अप्रेल 2026 के परीक्षा आवेदन-पत्र भरने हेतु

उच्च शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन, भोपाल द्वारा सत्र 2025-26 हेतु जारी किये गये अकादमिक केलेण्डर के अनुसार उपर्युक्त कक्षाओं की सेमेस्टर मुख्य सैद्धांतिक परीक्षाएँ मार्च-अप्रेल 2026 में प्रस्तावित हैं। अतः उपरोक्त कक्षाओं के समस्त विद्यार्थी महाविद्यालय की वेबसाइट www.collegeholkar.org पर स्वयं की **Profile** पर जाकर दिये गये निर्देशों का सूक्ष्म अवलोकन करें एवं निर्देशों का पूर्णतया पालन करें। ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र को चार भागों में विभाजित किया गया है। इन चारों भागों को पूर्ण रूप से भरें तत्पश्चात् **Profile** पर विद्यार्थी का प्रवेश पत्र एवं फीस रसीद प्रदर्शित होगी।

1. जनकल्याण एवं मेधावी छात्रवृत्ति योजना के तहत प्रवेशित विद्यार्थियों को पिछले वर्षो एवं वर्तमान वर्ष का स्टेट्स **(Status)** स्वयं **Profile** पर निर्धारित स्थान पर अपलोड करना अनिवार्य रहेगा।
2. ऐसे समस्त विद्यार्थी जो जनकल्याण एवं मेधावी छात्रवृत्ति योजना में नहीं आते हैं एवं उन्होंने पिछले वर्षो एवं वर्तमान वर्ष का पूर्ण शुल्क जमा किया है, उनकी समस्त शुल्क रसीद एवं विद्यार्थी का प्रवेश पत्र **(Admit Card)** स्वयं की **Profile** पर प्रदर्शित होगा।
3. ऐसे समस्त विद्यार्थी जो जनकल्याण एवं मेधावी छात्रवृत्ति योजना में नहीं आते हैं एवं उन्होंने पिछले वर्षो एवं वर्तमान वर्ष का पूर्ण शुल्क जमा नहीं किया है, तो उन्हें स्वयं की **Profile** पर प्रदर्शित शेष शुल्क ऑनलाइन **Paytm** के माध्यम से जमा करने के पश्चात् ही उनकी समस्त शुल्क रसीद एवं विद्यार्थी का प्रवेश पत्र **(Admit Card)** स्वयं की **Profile** पर प्रदर्शित होगा।

परीक्षा आवेदन पत्र दिनांक <u>06.03.2026 से 14.03.2026</u> तक बिना विलम्ब शुल्क के साथ ऑनलाइन जमा किये जा सकेंगे। निर्धारित दिनांक के पश्चात् प्रथम सप्ताह तक रूपये 250/-, द्वितीय सप्ताह तक रूपये 500/- विलम्ब शुल्क के साथ ऑनलाइन जमा किये जा सकेंगे।

<u>विद्यार्थी स्वयं की **Profile** पर जाकर परीक्षा आवेदन पत्र की स्थिति **(Status - Approved or Rejected)** का अवलोकन करें। यदि विद्यार्थी का ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र निरस्त **(Reject)** होता है तो महाविद्यालय के प्रशासनिक कार्यालय में अनिवार्य रूप से तत्काल संपर्क करें।</u>

नोटः- 1. समस्त विद्यार्थी ऑनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने के पश्चात् अपनी स्वयं की **Profile** का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

2. विद्यार्थी स्वयं की **Profile** पर जाकर **Paytm** के माध्यम से ही शेष शुल्क जमा करें। **SBI Collect** के माध्यम से जमा किया गया शुल्क मान्य नहीं होगा।

3. शेष शुल्क भरने के पश्चात् जिन विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र **(Admit Card)** नहीं दिख रहे हैं वे परीक्षा विभाग की **IT Cell** पर तुरन्त संपर्क करें।

परीक्षा नियंत्रक	प्रशासनिक अधिकारी	प्राचार्य
होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर	होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर	होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर

महाविद्यालय के हरित पहल के लिए किये जाने वाले नवाचार (कागज एवं पेड़ की बचत) के अन्तर्गत समस्त परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन ही लिये जावेंगे।